प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना बसई मौहम्मदपुर दिनाँक 19-07-2026 जनपद फिरोजाबाद।

## श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम, फिरोजाबाद द्वारा दिनाँक 16-06-2026 को लूट/डकैती के अभियुक्तों के सत्यापन हेतु गयी थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले 25 हजार रुपये के इनामिया हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता पुत्र बनवारी लाल को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता हुआ घायल।
- अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्त पर 25,000/ रुपये का इनाम घोषित किया गया था।
- **एच0एस0 अभियुक्त सत्य प्रकाश उर्फ सत्ता पर थाना अंबा जनपद मुरैना (मध्य प्रदेश) से ₹10,000/- का इनाम घोषित है।**
- **अभियुक्त पर थाना अटेर जनपद भिंड (मध्य प्रदेश) से भी ₹5,000/- इनाम घोषित है।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं 01 अपाचे मोटर साइकिल (संदिग्ध बिना नम्बर प्लेट) बरामद।**
- घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में हिस्ट्रीशीटर, लूट/डकैती के अभियुक्तों के सत्यापन हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.06.2026 को अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता के सत्यापन हेतु ग्राम माली पट्टी थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद गयी थी। थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता व उसके साथियों के द्वारा फायरिंग की गयी थी, जिसके संबंध में थाना बसई मौहम्मदपुर पर मु0अ0सं0 78/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 132, 352, 351(2), 109(1) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बसई मौहम्मदपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 78/2026 में वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस को सम्मिलित करते हुए 03 विशेष टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर लगातार प्रभावी दबिश दी जा रही थी, इसी क्रम में आज दिनांक 19-07-2026 को मुखबिर द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमें में वांछित अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता अपने गांव आने वाला है। सूचना पर एसओजी / सर्विलांस टीम अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तलाश में लगी हुई थी। इसी दौरान अभियुक्त के मोटर साइकिल से

जाने की सूचना मिली सूचना पर एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अभियुक्त का पीछा किया गया। ईंधौन पुल से आगे नगला चूरा फीडर के पास थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम पूर्व से चैकिंग कर रही थी। खुद को पुलिस टीमों से घिरता हुआ देखकर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीमों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की जाने लगी। थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगी। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्त सत्य प्रकाश उर्फ सत्ता को पुलिस अभिरक्षा में प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर, जिंदा कारतूस 315 बोर, खोखा कारतूस 315 बोर एवं काले व लाल रंग की बिना नम्बर प्लेट अपाचे मोटर साइकिल बरामद हुई है। घायल अभियुक्त की पहचान 25 हजार रुपये के इनामिया एच.एस. 74ए अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता पुत्र बनवारी लाल निवासी ग्राम मालीपट्टी थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. एच0एस0 74ए अभियुक्त सत्य प्रकाश उर्फ सत्ता पुत्र बनवारी लाल निवासी ग्राम मालीपट्टी थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता -**

1. मु0अ0सं0 142/17 धारा 394, 411, 120बी, 34 भादवि0 थाना डौकी जनपद आगरा।
2. मु0अ0सं0 122/17 धारा 392, 411, 120बी, 34 भादवि0 थाना डौकी जनपद आगरा।
3. मु0अ0सं0 242/17 धारा 398, 401 भादवि0 थाना डौकी जनपद आगरा।
4. मु0अ0सं0 401/17 धारा 395, 412 भादवि0 थाना डौकी जनपद आगरा।
5. मु0अ0सं 235/18 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना डौकी जनपद आगरा।
6. मु0अ0सं0 256/18 धारा 395, 397, 412 भादवि0 व 15 डकैती अधि0 थाना पिनाहट जनपद आगरा।
7. मु0अ0सं0 386/18 धारा 25 आयुध अधि0 थाना पिनाहट जनपद आगरा।
8. मु0अ0सं0 40/18 धारा 457, 380 भादवि0 थाना इरादत नगर जनपद आगरा।
9. मु0अ0सं0 142/17 धारा 394, 411 भादवि0 थाना बमरौली कटारा जनपद आगरा।
10. मु0अ0सं0 222/17 धारा 392, 411 भादवि0 थाना डौकी आगरा।
11. मु0अ0सं0 81/22 धारा 457, 380, 120बी भादवि0 थाना डौकी आगरा
12. मु0अ0सं0 67/14 धारा 307 भादवि0 थाना इकदिल जनपद इटावा।
13. मु0अ0सं0 103/2024 धारा 115(2), 109, 351(3), 352, 3(5) बीएनएस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
14. मु0अ0सं0 65/25 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस0 थाना अटेर जनपद भिण्ड (मध्य प्रदेश)।
15. मु0अ0सं0 75/2026 धारा 115(2), 125 बीएनएस0 थाना बसई मोहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
16. मु0अ0सं0 24/2026 धारा 310(2) बीएनएस0 व 11/13 एमपीडीपी एक्ट थाना अम्बाह जनपद मुरैना (म0प्र0)
17. मु0अ0सं0 78/2026 धारा 132, 352, 351(2), 109(1) बीएनएस0 थाना बसई मोहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
18. मु0अ0सं0 75/26 धारा 115(2), 125 बीएनएस0 थाना बसई मोहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. 01 काले व लाल रंग की अपाचे मोटर साइकिल संदिग्ध (बिना नम्बर प्लेट)।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1.प्र0नि0 कृष्ण स्वरूप पाल थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. निरीक्षक प्रेम शंकर पांडेय प्रभारी एसओजी मय एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अरुण कुमार थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 देवेन्द्र पवार थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0कां0 539 चन्द्रभान थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. चालक मुख्य आरक्षी 899 देवेश कुमार थाना बसई मौहम्मदपुर जपनपद फिरोजाबाद।
8. रि0कां0 1794 संदीप कुमार थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।